उद्योगों में जान फूंकने के लिए मिले 200 करोड़

स्टैंडअप योजना के तहत जिले के 67 लोगों को दिया गया ऋण

■ नस, गाजियाबाद: वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रॉडक्ट समिट कार्यक्रम के तहत उद्योगों को बढ़ावा देने और उनकी उत्पाद क्षमता बढ़ाने के लिए शुक्रवार को 200 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया गया। जिला उद्योग केंद्र की ओर से कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी.के. सिंह ने 67 लोगों को ऋण प्रमाण पत्र दिए। इस मौके पर वी.के. सिंह ने कहा कि जिले की पहचान औद्योगिक जनपद की रही है। उसे बिगड़ने नहीं देंगे। इसके लिए सरकारी स्तर से उद्योगों को बढ़ावा देने के ही प्रयास किए जाएंगे। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के जिले के अन्य 30 कारोबारियों को 13 करोड़ रुपये के ऋण प्रमाण पत्र मुख्यमंत्री की ओर से प्रदान किए गए हैं। कार्यक्रम में लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर समेत डीएम, सीडीओ भी मौजूद रहे। इस दौरान डीएम ने बताया कि वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रॉडक्ट स्कीम के तहत गाजियाबाद में बड़ी संख्या में उद्योग चल रहे हैं। जिला इस मामले में गौतमबुद्ध नगर के बाद दूसरे नंबर पर है। यह ऋण स्टैंड-अप योजना के तहत दिया गया है।

कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापारियों को सर्टिफिकेट देते मंत्री वी.के. सिंह

इन कंपनियों को मिला ऋण: हरबेजिन लाइफ साइंस प्राइवेट लिमिटेड को 94 लाख, एसपीएन सल्यूशन को 83 लाख, ओम सांई स्पेयर पार्ट को मुद्रा योजना के तहत 60 लाख, एकेएस इलेक्ट्रिकल को 10 करोड़, अंबिका स्टील को 33.50 करोड़, शैकी इंजीनियरिंग को 85 लाख, कैपिटल इलेक्ट्रिकल को 56 करोड़, रूबी इंजीनियरिंग को 75 लाख, रूबी माइक्रोमैटिक को 19 करोड़ दिया गया।